
# चिनाब रेल ब्रिज और अंजी खाद ब्रिज

[स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स]

प्रधानमंत्री ने **जम्मू-कश्मीर** में **चिनाब नदी** पर [चिनाब रेल ब्रिज] और **अंजी नदी (चिनाब नदी की एक सहायक नदी)** पर [अंजी खाद ब्रिज] का उद्घाटन किया ।

- **चिनाब रेल ब्रिज: रियासी ज़िले** में स्थित यह **विश्व का सबसे ऊँचा रेलवे आर्च ब्रिज** है, जिसकी **ऊँचाई 359** मीटर है, जो **एफिल टॉवर** से **35 मीटर ऊँचा है।**
- **निर्माण और डिज़ाइन:** इसका **निर्माण कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन** द्वारा तथा **नींव IISc बंगलूरू द्वारा डिज़ाइन** की गई है। **IIT दिल्ली और IIT रुड़की ने भूकंपीय विश्लेषण** किया, जबकि **रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)** ने सुनिश्चित किया कि पुल **विस्फोट-प्रतिरोधी** हो।
- **स्थायित्व और सुरक्षा:** यह **8 तीव्रता के भूकंप, 40 टन TNT तक के विस्फोट, -20 डिग्री सेल्सियस** तक का तापमान और **266 किमी./घंटा** की गति वाली वायु को सहन करने की क्षमता रखता है।
- **विशिष्टता:** इसका एक महत्त्वपूर्ण गुण यह है कि यह **आठ पुलों** में से एक के खराब हो जाने पर भी **स्थिर और कार्यशील** बना रहेगा, जिससे ट्रेनें धीमी गति से चल सकती हैं।




- **अंजी खाद ब्रिज:** यह **भारत का पहला केबल-स्टेड रेल ब्रिज** है तथा **चेनाब रेल ब्रिज** के बाद देश का **दूसरा सबसे ऊँचा रेलवे ब्रिज** है।
- **महत्त्व:** दोनों ब्रिज **उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (USBRL)** परियोजना का हिस्सा हैं, जो **कश्मीर और शेष भारत** के बीच **सभी मौसम के दौरान रेल संपर्क** प्रदान करता है।

- **चनिाब नदी: चनिाब** (या **चंद्रभागा नदी**) **सधिु नदी की सबसे बड़ी सहायक नदी** है, जो हमिाचल प्रदेश के **तांडी में चंद्रा और भागा** नदियों के संगम से बनती है।

**और पढ़ें: अंजी खाद ब्रजि**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chenab-rail-bridge-and-anji-khad-bridge